राज्य वन अनुसंधान संस्थान, जबलपुर में उत्साह से मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस

राज्य वन अनुसंधान संस्थान जबलपुर में दिनांक 22-05-2024 को राज्य जैव विविधता बोर्ड मध्य प्रदेश के सहयोग से अंतर्राष्ट्रीय जैवविविधता दिवस मनाया गया। इसमें प्रातः 6.30 बजे से नेचर वाक का कार्यक्रम रखा गया जिसमें 30 लोगों ने भाग लिया और जैवविविधता को समझा।

संस्थान में सुबह 10 बजे से 01 बजे तक विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं का आयोजन किया गया जिसमें चित्रकला, क्विज और वाद विवाद प्रतियोगिताएं रखी गई। इस प्रतियोगिता में 130 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इन प्रतियोगिताओं में संस्थान परिसर के बच्चों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया तथा ज्ञानगंगा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एवं मंगलायतन यूनिवर्सिटी जबलपुर के छात्र छात्राओं ने भी भाग लिया। इस कार्यक्रम में संस्थान के संचालक श्री प्रदीप वासुदेवा, उप संचालक श्री रवीन्द्र मणि त्रिपाठी, जबलपुर वन मंडलाधिकारी श्री ऋषि मिश्रा, डॉ0 उदय होमकर, श्री एस एस रघुवंशी, सिटीजन फॉर नेचर के अध्यक्ष डॉ0 प्रदीप कसार, संजय पाशीने, विजय यादव एवं जैव विविधता बोर्ड भोपाल से तकनीकी विशेषज्ञ - शिवानी शर्मा, श्री विवेक पांडेय एवं शुभम सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम समापन समारोह में विजेता प्रतिभागियों को संचालक महोदय के द्वारा पुरूष्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदाय किये गये।



इनसाइड@सिनेवेब
पत्रिका plus
जबलपुर, गुरुवार, 23 मई, 2024
patrika.com

जैव विविधता दिवस : एसएफआरआई में चित्रकला और क्विज कॉम्पीटिशन

अनुसंधान केंद्र में नेचर वॉक, जुटाए जैव विविधता के डेटा

plus रिपोर्टर
patrika.com

जबलपुर. जैव विविधता से जुड़ी जानकारी जुटाने के लिए नेचर लवर्स से अलसुबह अनुसंधान केन्द्र का भ्रमण किया। इस दौरान जहां उन्हें अठखेलियां करती हुई तितलियां नजर आई, वहीं दुर्लभ पौधों का खजाना भी नजर आया। बुधवार को राज्य वन अनुसंधान संस्थान में अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत जहां अलसुबह नेचर वॉक आयोजन हुआ। इससे जुड़कर 30 छात्रों के दल ने अनुसंधान केन्द्र में नेचर से जुड़े डेटा कलेक्ट किए। इसी क्रम में चित्रकला, क्विज और वाद-विवाद की प्रतियोगिताएं हुईं। कार्यक्रम में विशेष रूप में मनीष कुशवाहा और सिद्धार्थ गौतम सुबह 4 बजे मंडला से बाइक से जबलपुर नेचर वॉक में शामिल होने पहुंचे।

वॉक के दौरान केन्द्र में मौजूद जैव विविधताओं की जानकारी जुटाने एकत्रित हुए लोग।

चित्रकला में दर्शाया वन्य जीवों का सौंदर्य

कार्यक्रम में हुई चित्रकला प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने जहां वन्य जीवों का सौंदर्य दिखाया, वहीं क्विज कॉम्पीटिशन में प्रकृति संरक्षण के उपाय बताए। कार्यक्रम में संस्थान संचालक प्रदीप वासुदेवा, उप संचालक रविन्द्र मणि त्रिपाठी, जबलपुर वन मंडलाधिकारी ऋषि मिश्रा, डॉ. उदय होमकर, एसएस रघुवंशी, सिटीजन फॉर नेचर के अध्यक्ष डॉ. प्रदीप कसार, संजय पशीने, डॉ. विजय यादव, जैव विविधता बोर्ड भोपाल से शिवानी शर्मा, विवेक पांडेय, शुभम सिंह मौजूद थे।

मनाया जैव विविधता दिवस

जबलपुर।राज्य वन अनुसंधान संस्थान में राज्य जैव विविधता बोर्ड मध्य प्रदेश के सहयोग से अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस मनाया गया । इसमें नेचर वॉक के साथ विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संस्थान के संचालक प्रदीप वासुदेवा, उप संचालक रविन्द्र मणि त्रिपाठी, जबलपुर वन मंडलाधिकारी ऋषि मिश्रा, डॉ. उदय होमकर, एसएस रघुवंशी, सिटीजन फॉर नेचर के अध्यक्ष डॉ. प्रदीप कसार, संजय पाशीने, विजय यादव एवं जैव विविधता बोर्ड भोपाल से शिवानी शर्मा, विवेक पांडेय एवं शुभम सिंह उपस्थित रहे।